हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 जुलाई 2024
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 अस्पताल में झाड़-फूंक से सांप का जहर उतार रहा...



07 जनसुनवाई में गुहार: हमारे साथ ईशान टाउनशिप...



## पटवारी की मौत की जांच और पिपरिया एसडीएम को हटाने की मांग की

# पटवारी की मौत के मामले में संघ का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी

बीते दिनों पिपरिया के पटवारी प्रवीण मेहरा की मौत के मामले में न्याय दिलाने के लिए लामबंद हुए पटवारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के बाद दो दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार को भी संघ के सदस्यों ने पिपरिया एसडीएम को हटाने एवं मामले की जांच कराने की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में पटवारी संघ अपने साथी पटवारी प्रवीण मेहरा को न्याय दिलाने के लिए और पिपरिया एसडीएम को हटाने की मांग एक सप्ताह से कर रहे हैं। पटवारी संघ तीन दिन सामूहिक अवकाश पर रहा और अब दो दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चला गया है। सोमवार को सभी पटवारियों ने अपने-अपने बस्ते तहसील में जमा कर हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को सभी तहसील मुख्यालय पर पटवारी एकत्रित हुए। नर्मदापुरम में पटवारी संघ ने धरने पर बैठने से पहले एसडीएम नीता कोरी से मुलाकात की। सभी ने एक सुर में कहा कि हम समझौता किसी बात पर नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि पिपरिया एसडीएम संतोष तिवारी को हटाया जाए। जिसके बाद हमारे साथी पटवारी की मौत की जांच हो। उस पर लगे गंभीर आरोपों की जांच कर, जो भी उसमें शामिल हो। उसे भी आरोपी बनाया जाएं। पटवारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष अंजु नारोलिया के अनुसार जिले में करीब 410 पटवारी हैं।

### पटवारी संघ ने एसडीएम को बताया जिम्मेदार

पटवारी संघ ने पिपरिया एसडीएम संतोष तिवारी को पटवारी प्रवीण मेहरा की मौत का जिम्मेदार बताया है। आरोप लगाया कि एसडीएम ने मेहरा के खिलाफ गलत तरीके से केस दर्ज कराया, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए। तनाव के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एक मामले में पटवारी प्रवीण मेहरा को पावती नामांकन का प्रतिवेदन दिया गया। दो व्यक्ति एक ही नाम के थे। पिता के नाम भी एक जैसे थे। जाति भी एक ही होने के कारण और ग्रामीणों ने जो जानकारी दी, उसके आधार पर पटवारी ने प्रतिवेदन तैयार कर दिया। बाद में एसडीएम ने भी उसी प्रतिवेदन पर आदेश जारी कर बहनों के नाम जोड़ दिए। बाद में पिपरिया एसडीएम ने यह कहते हुए कि पटवारी ने गलत आईडेंटिफाई करके गलत पावती चढ़ा दी, पटवारी प्रवीण के खिलाफ एफआईआर कराई। मामले में उसे जेल भेजा गया। जमानत पर आने के बाद से पटवारी प्रवीण सदमे और तनाव में थे।

### ज्ञापन देने जमीन पर बैठे थे पटवारी, जांच का मिला था आश्वासन, अभी तक नहीं मिल पाया न्याय


*पटवारी प्रवीण मेहरा की मौत के बाद नाराज पटवारी संघ 10 जुलाई की शाम को कलेक्ट्रेट पहुंचा। कलेक्टर को ही ज्ञापन देकर समस्या बताने के लिए सभी पटवारी जमीन पर बैठ गए। करीब 20 मिनट बाद कलेक्टर सोनिया मीना को ज्ञापन देकर पिपरिया एसडीएम की शिकायत की। साथ ही 24 घंटे में एसडीएम को हटाने की मांग की थी। कलेक्टर मीना ने पटवारी संघ को आश्वासन दिया है कि एडीएम समेत वरिष्ठ अफसरों से मामले की जांच कराई जाएगी। उसके बाद जो भी मामले में सामने आता है उसके अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन को एक सप्ताह बीत चुका है। लेकिन अभी तक संघ की मांगों पर निष्कर्ष नहीं निकला है।*



# पति के निधन के बाद अभी तक नहीं मिला पीड़िता को संबल योजना का लाभ

### जनसुनवाई में पीड़िता ने लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में 84 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही नर्मदापुरम जिले की चारों तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 12, डोलरिया में 5, माखन नगर में 2 और बनखेड़ी में 11 आवेदन प्राप्त हुए और प्राप्त आवदेनों का निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में नर्मदापुरम के माखननगर रोड स्थित कालोनी पुष्पप्रकाश स्टेट के निवासियों ने कालोनीनाईजर के द्वारा कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्य ना किये जाने पर कॉलोनीवासी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। नर्मदापुरम के रसूलिया निवासी रमा प्रजापति ने जनसुनवाई में कलेक्टर सोनिया मीना को बताया की उनके पति का 15 मार्च को स्वर्गवास हो गया था, उन्होंने बताया कि सबंल योजना के तहत स्वर्गवास होने के बाद अभी तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है, कलेक्टर रमा की समस्या सुनी एवं संबंधित अधिकारी को समस्या हल करने के निर्देश दिए।

इसी तरह से ग्राम जासलपुर निवासी यशवंत सिंह तौमर ने शिकायत की कि उनकी कृषि भूमि निमसाड़िया में है लेकिन भूमि का नक्शा पूरा ऑनलाइन प्राप्त नही हो रहा है। ग्राम जासलपुर की नीतू तौमर ने बताया कि उनकी आटा चक्की संचालित है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा 3 हजार रूपए मांगे जा रहे है जबकि मेरे द्वारा दो बार 15-15 सौ रूपए जमा किए जा चुके हैं। इसी तरह से सदर बाजार नर्मदापुरम निवासी संजय कहार ने शिकायत की कि मेरे बच्चे को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत एडमिशन नही मिला है। इसी तरह से अनेक लोगो ने जनसुनवाई में अपने आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया। कलेक्टर सुश्री मीना ने जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतो का अद्यतन अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सोनिया मीना ने सीएमओ नर्मदापुरम हेमेश्वरी पटले को आम जन की समस्या के निराकरण करने के लिए कार्यालय में शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए और कार्यालय के स्टाफ के साथ मौके पर जाकर आम जन की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए।

### आदेश के बाद भी नहीं हट सका आरटीओ के सामने का अतिक्रमण

**नर्मदापुरम।** आरटीओ सलाहकारों के विरोध के बाद मामला और गरमाता जा रहा है। सोमवार को तहसीलदार ने देहात थाने के समीप कई वर्षों से जमे आरटीओ सलाहकारों के अतिक्रमण को हटाने के लिए मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार ने 3 बजे तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया, परंतु शाम होते होते यह कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई, न अतिक्रमण हटा और न किसी दलाल ने इस नोटिस को गंभीरता से लिया। सुनने में आया है की इन अतिक्रमणों में कई प्रकार की अवैध गतिविधियां रात के अंधेरे में की जाती है, जिस पर प्रशासन की नजर नहीं जा पाती है। आरटीओ ऑफिस में ड्राइविंग लाइसेंस की नई व्यवस्था के लिए आरटीओ निशा चौहान ने हेल्प डेस्क पर एक व्यक्ति की नियुक्ति की है जो आवेदक आवेदन करता है वह उसका आवेदन फॉर्म कंप्लीट कराएगा और सीधे ही कार्यालय में आवेदन कर सकेगा। इस नई व्यवस्था से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वालों को अधिक पैसा नहीं देना पड़ेगा जो शासकीय फीस है वही लगेगी।

# नर्मदापुरम में महिलाएं बोली, मांगें पूरी नहीं हुई तो करेंगे जल सत्याग्रह, कलेक्ट्रेट पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में स्व सहायता समूह एवं रसोई बनाने वाली महिलाओं को रोजगार छीनने का डर सता रहा है। जिसके चलते मंगलवार को महिला एवं स्व.सहायता समूह महासंघ के बैनर तले स्व सहायता समूह की महिलाएं एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। पीपल चौक से सभी महिलाएं रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंची। समूह की महिलाओं ने मांगों को लेकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार सृष्टि डेहरिया को सौंपा। संगठन ने चेतावनी भी दी कि मांगे पूरी नहीं होती है तो हम सभी महिलाएं जल सत्याग्रह करेंगी। बड़े स्तर पर समूह की हजारों महिलाएं भोपाल में धरना प्रदर्शन करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष रोशनी सोनी ने बताया सरकार स्व सहायता समूह की महिलाओं को बेरोजगार करने की तैयारी में है। स्व सहायता समूह की महिलाओं मध्यान्ह भोजन बनाने के काम को छीनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को देने की तैयारी में है। जिसमें सहायिताएं खाना बनाएगी। वर्तमान में नर्मदापुरम संभाग में बैतूल जिले के भीमपुर परियोजना में शासन ने पॉयलेट प्रोजेक्ट के तहत ऐसा कर चुकी है। अब इसे पूरे प्रदेश में लागू करने के आदेश जारी होने की तैयारी है। ऐसा होता है तो प्रदेश की लाखों स्व सहायता समूह की महिलाएं बेरोजगार हो जाएगी, उनके परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। हम शासन, सरकार की इस प्लानिंग का हम विरोध करते है। हम चाहते है कि जो स्व सहायता समूह पहले से मध्यान्ह भोजन बनाने व समेत अन्य कार्य करते है। वो उन्हीं से कराया जाएं। ताकि कोई भी बेरोजगार नहीं होगा। ज्ञापन देने के दौरान जिला अध्यक्ष गौरी इरकर, सचिव ललिता गौर, संभाग प्रभारी सुमन उइके, विमला बाई, श्यामबाई समेत अन्य उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है जीत : नारोलिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आज हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी खुशी की बात है कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी पार्टी में एक बड़ी विजय 29 में से 29 लोकसभा सीट मध्य प्रदेश में हासिल की। इसमें सबसे बड़ा योगदान हमारे बूथ के उन कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा से मेहनत की। हमें ऐसे सभी कार्यकर्ताओं का ह्रदय से स्वागत और आभार व्यक्त करते हैं। उक्त बात नर्मदापुर मंडल की विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष रोहित गौर ने बताया बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुश्री राजो मालवीय एवं मंडल प्रभारी राजेश तिवारी ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में आभार प्रस्ताव भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित महालहा ने रखा। राजनीतिक प्रस्ताव वंदना दुबे एवं शोक प्रस्ताव अजय रतनानी ने रखा। उन्होंने बताया 18, 19, 20 जुलाई तक मंडल के शक्ति केंद्रों पर कार्यसमिति की बैठक होगी।

# भोपाल में शिक्षा मंत्री के साथ हुई सोपास की वार्तालाप के बाद समाधान का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संपूर्ण जिला सफल बंद के उपरांत मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष डॉ आशीष चटर्जी सहित प्रदेश महासचिव प्रवीण पानीकर, प्रदेश संगठन मंत्री रवि शंकर राजपूत और विनय यादव, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रशांत जैन, जिला संयु. सचिव आशुतोष गुप्ता शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं सोहागपुर विधायक विजयपाल से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के द्वारा विद्यालयों की समस्याओं को रखा। मंत्री ने रखे गए विषयों को गौर से सुन और उनका जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि आप जो भी समस्या हो पहले मुझे अवगत कराएं। प्रदेश के सभी संचालकों को नर्मदा पुरम के बंद से जो प्राप्त हुआ है शीघ्र ही विभागीय आदेश के रूप में जानने को मिलेगा। विशेष रूप से छोटे बच्चों को आने वाली प्रवेश में दिक्कत हो प्रवेश की दिनांक 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक करने से 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की समस्याओं को बड़ी राहत मिली है जिससे पालकों को प्राथमिक कक्षा में रिपीट नहीं करना पड़ेगा।सब अपने-अपने विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता के साथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए कृत संकल्पित रखें। संगठन ने शासन के साथ मिलकर भविष्य में बहुत कुछ अच्छा करने के लिए चर्चा की। फीस एक्ट को लेकर लगभग 90% स्कूलों की समस्याएं बहुत जल्द समाप्त होंगी। फिर से एक बार प्रदेश के साथियों और साथी संगठन के लोगों को बहुत साधुवाद जिन्होंने नर्मदापुरम बंद को अपना समर्थन प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष उपस्थिति से दिया। भविष्य में हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को शिक्षा की गुणवत्ता की ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रयास करेंगे।

# दिन में चिलचिलाती धूप के बाद शाम को बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे से सूर्य देव ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए। दिन भर की चिलचिलाती धूप की गर्मी से परेशान लोगों को शाम को हुई झमाझम बारिश ने राहत दी। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में 1 जून 2024 से मंगलवार तक जिले में 214.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 268.3 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 16 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 11.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 3.0 मिलीमीटर, इटारसी में 1.8 मिलीमीटर, माखन नगर में 1.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.8 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 0.0 एवं तहसील डोलरिया में 12.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934.20 फीट है, तवा जलाशय का 1122.80 फीट है, बरगी जलाशय का 412.70 मीटर एवं बारना जलाशय 342.80 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में नर्मदांचल में अच्छी बारिश हो सकती है।

### चित्र उकेरकर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल में मना प्लांटेशन वीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए व पौधरोपण के महत्व को बताते हुए स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्लांटेशन वीक मनाया गया। वहीं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए ।प्लांटेशन वीक प्रारंभ करते हुए पहले दिन बच्चों ने 'वृक्ष हमारे मित्र' विषय पर नाटक मंचन किया,दूसरे दिन पेंटिंग बनाकर प्रकृति को नजदीक से जाना,तीसरे दिन स्कूल प्रांगण में सीड बॉल बनाकर व पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान दिया, चौथे दिन क्विज कांटेस्ट में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मंच से पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए।

पांचवें दिन प्रकृति के बचाव व सुझाव पर आधारित कविता पाठ बच्चों द्वारा किया गया, अंतिम छठवें दिन पर्यावरण व प्रकृति से संबंधित अमेजिंग फैक्ट्स असेंबली में बता कर विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए प्राचार्य मोना चटर्जी ने विद्यार्थियों को बताया कि अगर हमें पर्यावरण को क्षतिग्रस्त होने से बचाना है तो अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने होंगे। पर्यावरण संरक्षण हमारी पहली जिम्मेदारी है ।हम सभी का दायित्व है कि हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ तथा हरा भरा हो। साप्ताहिक गतिविधि में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने बधाई दी। कार्यक्रम में जनरल मैनेजर सोनल सोखी, उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया व समस्त स्कूल शिक्षकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी व संचालिका डॉक्टर नीतू तिवारी रहीं।

# समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों लिए नीरजा हुईं सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवी नीरजा फौजदार को दिल्ली में भानु प्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियूभानू एवं साध्वी पुष्पा शास्त्री ने राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नीरजा फौजदार को ईश्वर में पृथ्वी पर जन हित कार्यों के लिए ही उतारा जो लगातार कई संस्थाओं के माध्यम से समाज हित में लगी रहती है मैं स्वमं आपको बहुत बहुत बधाई देती हूं ओर आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। आयोजन राजेश पायलेट शिक्षा समिति द्वारा किया गया। जिसमें कई शीर्ष नेता एंव अभिनेता सामिल हुये डॉं सोमेंन्द्र तोमर ऊर्जा मंत्री उ.प्र. सरकार, केसी त्यागी राज्यसभा साँसद, ममता शर्मा पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग, चौ. नगेन्द्र नागर उधोग पति पारस ग्रुप, राजेश पायलेट राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मा, तेजपाल नागर आदि मौजूद रहे।

## नाराज पत्नी बेटी के साथ गई थी मायके

# नशे में पिता ने 4 साल के मासूम को सड़क पर पटककर मार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल कोतवाली अंतर्गत ग्राम सेलगांव से दो किलोमीटर दूर ग्राम सांवगा में 15 जुलाई सोमवार की रात ग्राम के दुर्गेश (मंगल) लोखंडे ने अपने ही चार वर्षीय पुत्र किसन की सड़क पर बेरहमी से पटक-पटक कर हत्या कर दी। मंगल कोरकू की पत्नी, पति से विवाद के कारण गांव छोड़कर मायके चली गई थी, वह अपने साथ बेटी को भी ले गई और बेटे किसन को पिता मंगल के पास ही छोड़ दिया था। ग्रामीण बताते हैं कि हत्यारा पिता हमेशा शराब पीकर पत्नी से भी झगड़ा करते रहता था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों से भी जानकारी ली, लेकिन हत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है।

■ हत्यारे पिता को तलाश रही है पुलिस, मां के आने पर होगा पोस्टमॉर्टम

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पूरे गांव में ही हत्या की घटना को लेकर चर्चा चल रही है। पूरे गांव में दहशत का माहौल है कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावंगा में दुर्गेश (मंगल) लोखंडे ने अपने 4 वर्षीय बेटे कार्तिक को सोमवार की रात 12 बजे गुस्से में पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस घटना की रात ही सावंगा पहुंच गए थे। बच्चे के शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस बारे में पुलिस ने हत्या के संबंध में कई लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी हत्या करने का कारण नहीं बताया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में मृतक बच्चे की मां से पूछताछ की जाएगी। बेटे की हत्या कर पिता मंगल फरार है, उसकी पत्नी को बुलवाया गया है। उसके बाद ही शव का अंतिम संस्कार होगा। हत्यारे पिता की तलाश की जा रही है।

## बजरवाड़ा में महिला को डसने के बाद जिला अस्पताल में किया था भर्ती

# अस्पताल में झाड़-फूंक से सांप का जहर उतार रहा था भगत, प्रबंधन ने किया बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम बजरवाडा में बीती रात एक युवती को सांप ने डस लिया था जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जंहा महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इसी दौरान जिस कोबरा ने युवती को डसा था उसका भी सर्प मित्रों ने रेस्क्यू कर लिया गया। कोबरा उसी घर के आंगन में एक पानी के टैंक के नीचे छिपा बैठा था। गनीमत ये रही कि कोबरा को पकड़ लिया गया वरना परिवार और आसपास के लोगों को भी कोबरा नुकसान पहुंचा सकता था। कोबरा के रेस्क्यू का भी वीडियो सामने आया है। हर मर्ज की दवा है लेकिन अंधविश्वास की कोई दवा नहीं। इसकी एक बानगी देखने मिली बैतूल के जिला अस्पताल में जहां सर्पदंश से पीड़ति एक युवती को इलाज के लिए भर्ती किया गया था। डॉक्टरी इलाज जारी था लेकिन युवती के परिजन अपने साथ एक तांत्रिक को भी लेकर आए थे जिसने नर्सिंग स्टाफ की गैरमौजूदगी में झाडफूंक का खेल शुरू कर दिया। तांत्रिक मंत्र उच्चारण के साथ झाडफूंक कर रहा था और अंधविश्वास का ये खेल कैमरे में कैद हो गया। जिला अस्पताल प्रबंधन को सूचना मिलते ही डॉक्टरों ने तांत्रिक को तत्काल जिला अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखाया और युवती के परिजनों को झांड़फूंक ना करने की सख्त हिदायत दी है। बैतूल के जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के मुताबिक सर्पदंश का इलाज झांड़फूंक से करना खतरनाक साबित हो सकता है। जिले के सरकारी अस्पतालो में सर्पदंश की दवाएं उपलब्ध हैं इसलिए लोग अंधविश्वास में ना पड़े और सर्पदंश होने पर पीड़ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं।

### परिजन भगत भूमका को जिला अस्पताल लेकर आए थे



जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मंगलवार को इस नजारा को देखकर लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। प्रबन्धन भी एक्टिव मोड में आ गया और उस भगत को सीधे बाहर का रास्ता दिखा दिया। तथाकथित भगत अस्पताल के वार्ड में घुस कर महिला का इलाज झाड़ फूंक के जरिये कर रहा था। घटना के बाद वार्ड के कर्मचारियों को भी फटकार लगाई गई। बजरवाड़ा निवासी 19 वर्षीय सपना को सुबह पैर में सांप ने काट लिया था। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंच गए थे। थोड़ी ही देर बाद परिजन एक भगत को लेकर अस्पताल के उस वार्ड में पहुंच गए जहां सपना का उपचार किया जा रहा था। थोड़ी बहुत जानकारी लेने के बाद भगत ने अपना भगत पीड़ित सपना के कान में मंत्र पढ़ता नजर आ रहा है। साथ ही सारे शरीर पर फूंक मारता भी मार रहा हैं। इस पूरे इलाज के दौरान पीड़ित के परिजन भी खड़े नजर आ रहे हैं। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, बल्कि इसकी सूचना भी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सबसे पहले परिजनों को समझाइश दी और भगत को सीधे अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम

# 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा टीका



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों पर महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु 18 जुलाई को जिला चिकित्सालय के मेटरनिटीविंग कक्ष में 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर टीका लगाया जायेगा। इस संबंध में सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में टीका कर्मियों को प्रशिक्षण देकर टीकाकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईक ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण का मुख्य उद्देश्य व्यस्क बालिकाओं में एचपी वायरस से सुरक्षा प्रदान करना है। सिविल सर्जन डॉ.अशोक बारंगा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश परिहार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.जगदीश घोरे, जिला सर्वाइकल कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. ईशा डेनियल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.संगम मांडवे, जिला प्रशिक्षण अधिकारी मधुमाला शुक्ला, उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### स्थापना दिवस पर किया विरोध प्रदर्शन

**बैतूल।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 96 वॉ स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम परिषद् के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय मेमाननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे देषभर के कृषि वैज्ञानिक आभासी रूप से (आनलाइन) जुडे। स्वागत भाषण के पष्चात परिषद् के महानिदेषक डॉ. हिमांषु पाठक द्वारा कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों एवं आगामी पॉच वर्ष की कार्ययोजना को रेखांकित किया गया। देष भर में संचालित 731 कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उनके वेतन एवं अन्य स्वीकार्य भत्तो के भूगतान मे परिषद् द्वारा काटछांट, विलंब से भूगतान को लेकर विरोध प्रदर्षन किया। देष के कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एव कर्मचारियों के साथ-साथस्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा वेतन विसंगतियों का विरोध दर्ज कराते हुये कालीपट्टी धराण कर के कार्यक्रम मे भाग लिया गया।

### वृद्धाश्रम परिसर में किया गया पौधरोपण

**सीहोर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बारियों शिक्षा एवं कल्याण समिति और तारा फाउंडेशन द्वारा सैकड़ा खेड़ी चौराहा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर सर्वप्रथम वहाँ उपस्थित वृद्धजनों को समाज सेविका बुशराजी द्वारा फल वितरित कर सभी वृद्धजनों के हाल जाने एवं सभी ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात वृद्धाश्रम परिसर में आम, सगौन, शीशम, अमरुद, कटहल, अर्जुनी, अंजीर, जामुन, सेब, आँवला सहित कई फूल, फल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। पौधा रोपण कार्यक्रम में सस्था के सचिव जुनेद अंसारी एवं सस्था की अध्यक्ष अतिया ओसाफ ने (डिसटिक लॉ आफिसर ) विधिक प्राधिकरण के ज़ीशान सर, मनोज दीक्षित का विशेष योगदान रहा।

### उपायुक्त सहकारीता कार्यालय में पौधरोपण

**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण के उद्येश्य से मां के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आज उपायुक्त सहकारिता कार्यालय परिसर में कलेक्टर प्रवीण सिंह, सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी तथा सहकारिता उपायुक्त सुधीर कैथवास सहित अन्य अधिकरी, कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह कहा कि पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण प्रारंभ किया गया है।

# फूफा और बुआ के षडयंत्र में फंस गया था बेटा, साजिश से जलाई गई थी बहू

## पाथाखेड़ाः विवाहिता की जलने से मौत के मामले में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पाथाखेड़ा क्षेत्र में विवाहिता की जलने से मौत के मामले में आरोपी के पिता ने इस घटना में सनसनीखेज खुलासा किया है। गौरतलब है कि विवाहिता पायल दांगी की जलने की घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है।

सोमवार 15 जुलाई को इस घटना ने नया मोड़ ले लिया है। आरोपी पति चन्द्रदेव बिहारे के पिता शंकरलाल बिहारे ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपने बेटे की बेगुनाही के लिए कई तथ्यों का खुलासा किया है।शंकर लाल के अनुसार उनकी बहू के फूफा नरेन्द्र जगदेव और बुआ वर्षा दांगी ने मिलकर इस षड्यंत्र को अंजाम दिया है। शंकरलाल का दावा है कि चन्द्रदेव और पायल ने 6 जून



2023 को अपनी मर्जी से शादी की थी, जिसके बाद से ही नरेन्द्र और वर्षा इस शादी के खिलाफ साजिश रचने लगे। उन्होंने पायल को पाथाखेड़ा बुलाकर फर्जी शिकायत दर्ज कराई और चन्द्रदेव को इस मामले में फंसा दिया। शंकरलाल ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है । शंकरलाल बिहारे ने बताया कि शादी के बाद चन्द्रदेव और पायल भोपाल में अशोका गार्डन में रह रहे थे।

### तरुणा बिहारे युवक की बहन

*चार अप्रैल 2024 को, नरेन्द्र और वर्षा ने षडयंत्र रचकर पायल को पाथाखेड़ा बुलाया। पायल ने मकान मालिक से झूठ बोलकर चार बड़े बैगों में जेवरात और नकद राशि लेकर पाथाखेड़ा चली गई। चन्द्रदेव को जब यह पता चला, तो उसने तुरंत अशोका गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पायल के पाथाखेड़ा पहुंचने के बाद, नरेन्द्र और वर्षा ने सारनी थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई कि चन्द्रदेव पायल को मारता-पीटता है। पुलिस ने चन्द्रदेव को बुलाकर बयान लिया और छोड़ दिया। 8 जुलाई 2024 को पायल के जलने की घटना घटी। उस समय चन्द्रदेव भोपाल में था। शंकरलाल ने बताया कि 8 जुलाई की रात 12 बजे पुलिस फोर्स उनके घर आई ।*

# पुलिस ने दो स्थानों पर की कार्रवाई, 42 गोवंश बचाए, ले जा रहे थे कत्लखाने

## देढ़पानी तरफ से परतवाड़ा महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे थे गोवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में 2 स्थानों पर की गई कार्रवाई में 42 गोवंश की जान बचाई गई है। यह गोवंश पैदल और आल्टो कार में भर कर ले जाए जा रहे थे। भैंसदेही थाना क्षेत्र में जहां पुलिस ने कार्रवाई की वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस और राष्ट्रीय हिंदू सेना ने गोवंश की जान बचाई। पुलिस ने बताया कि 15 जुलाई को भैंसदेही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि देढ़पानी तरफ से परतवाड़ा महाराष्ट्र की ओर 30-40 गोवंशों को कत्तलखाना महाराष्ट्र लेकर जा रहे हैं। इस पर प्रधान आरक्षक पंजाबराव, छोटेलाल, आरक्षक नारायण जाट, सुनील और नरेन्द्र की टीम ग्राम पिपरीढ़ाना 15 नम्बर पंखे के पास में पहुंची। यहां घेराबंदी की



गई तो देढ़पानी तरफ जंगल से 30-40 गोवंश को क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बांधे हुए मारते-पीटते कुछ लोग हकेलते हुए महाराष्ट्र की ओर लेकर जाते दिखे। गौवंश को हकेलने वाले लोग पुलिस को देखकर जंगल पहाड़ी का फायदा उठाकर भाग गए। गिनती पर 38 गोवंश पाए गए।

### आल्टो कार में हो रही थी तस्करी

इधर बैतूल में राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बिना नंबर की आल्टो कार में बैतूल के ही कुछ गौ तस्कर गौवंश का वध करने के इरादे से ले जा रहे हैं। उन्होंने विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे, तहसील गौरक्षा प्रमुख स्वप्निल पवार, पुलिस कंट्रोल रूम, एसपी निश्चल झारिया और कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया को सूचना दी।

### झाड़ियों में कार छिपाकर भागे

*आमडोल के घने जंगल में आल्टो गाड़ी को गौ तस्करों ने झाड़ियों में छिपा दी और वे 2 स्कूटी से फरार हो गए। पुलिस ने तस्करों का कुछ दूरी तक पीछा किया, लेकिन वे घने जंगल में फरार हो गए। कार में नंबर प्लेट नहीं थी। गाड़ी में अंदर की पिछली सीटें भी नहीं लगी थी। गाड़ी को देख ऐसा प्रतीत हुआ कि इसमें कई दिनों से गोवंश की तस्करी की जा रही थी। अंदर कांच पर काली फिल्म लगी थी और टिन लगकर स्क्रू कसे थे। कार में 4 गोवंश को रस्सियों से क्रूरतापूर्वक बांध कर रखा हुआ था। गोवंश को झाड़ेगांव स्थित त्रिवेणी गोशाला सुरक्षार्थ रखवाया गया। पुलिस ने गो तस्करी में पकड़ी गई गाड़ी को बैतूल कोतवाली थाने लाई है। गो तस्करों पर अपराध कायम कर लिया है।*

## नामांतरण, बंटवारा पर दिया जोर

# सीएम ने वीडियो कांफ्रेंस से राजस्व महाअभियान संचालन की समीक्षा की



**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व महाअभियान 2.0 के संचालन संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राजस्व अमला नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा दुरुस्तीकरण के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ कराएं। साथ ही किसानों के खसरे को समग्र एवं आधार से लिंक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ऑफलाईन राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किये जाए। स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख का वितरण किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पटवारी मुख्यालय स्तर पर रहकर राजस्व प्रकरणों को निराकरण करें। उन्होंने गौशालाओं में गौवंश की संख्या अनुसार ही गौवंश रखे जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों द्वारा बच्चों के अभिभावकों से अनावश्यक फीस न वसूली जाए यह सुनिश्चित करें।

वर्चुअल बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, एडीएम मकसूद अहमद सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक के बाद राजस्व अधिकारियों से जिले में 15 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले महाअभियान 2.0 में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें।

## विश्व युवा कौशल दिवस मनाया

# शासकीय आईटीआई में निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य केशव सातपूते ने बताया कि निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, समूह चर्चा, नवाचार आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण विद एवं समाजसेवी मोहन नागर, अध्यक्ष उद्योग संघ बृज आशीष पांडे, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र रोहित डाबर एवं पूर्व प्राचार्य चंदेलकर उपस्थित रहे।

समाजसेवी मोहन नागर ने युवाओं को अपने कौशल के माध्यम से स्वावलंबन एवं कार्य के प्रति लगनशीलता के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।



### किया पौधारोपण

अतिथियों द्वारा संस्था परिसर में पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। साथ ही युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अतिथियों द्वारा संस्था का भ्रमण किया गया प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन भी किया गया। संचालन संस्था के टीओ टीसी मेश्राम एवं एंजिला डेहरिया ने किया।

## रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

# जेएच कॉलेज में विद्यार्थी सीखेंगे व्यक्तित्व विकास व सॉफ्ट स्किल

**बैतूल।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी एवं जिला समन्वयक सेडमैप बैतूल उमाशंकर दुबे की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक उमाशंकर दुबे द्वारा विद्यार्थियों को 60 घंटे संचालित होने वाले




प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपना बायोडाटा किस तरह तैयार करना चाहिए और साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाती है। प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने मार्गदर्शन करते किया।

### शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में जिला स्तरीय रोजगार मेला 18 को

*शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 18 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि मेले में वर्धमान फेब्रिक्स लिमिटेड बुदनी, टाटा मोटर्स सानंद अहमदाबाद, श्नाइडर एसई इलेक्ट्रिकल्स हैदराबाद, विस्ट्रान इंफोकॉम बैंगलोर, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड देवास, फॉक्सकॉन बैंगलोर को आमंत्रित किया गया है।*

## गौठाना में शिक्षकों की पहल

# शिक्षकों ने चंदा जमा कर स्कूल के खेल ग्राउंड को सुधरवाया



**बैतूल।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल की भी महत्ती भूमिका है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ सीखने की प्रवृत्ति भी तीव्र गति से होती है। बच्चे व्यवस्थित रूप से खेल में हिस्सा ले सकें इसके लिए गौठाना स्कूल के शिक्षकों ने आपस में चंदा जमा कर खेल ग्राउड को विधिवत रिपेयरिंग कर खेलने के अनुकूल बनाया। जिससे की बच्चे खेल के पीरियेड में खेल सकें। शिक्षक तनवीर खान और मदनलाल डढोरे ने कहा कि बच्चों को खेल में होने वाली असुविधा को देखते हुए शिक्षकों ने सर्वसम्मति से चंदा एकत्रित कर ग्राउंड को सुधारा जिससे बच्चे उत्साह के साथ खेल का आनंद ले सकें। शिक्षिका मंगला साबले, जयश्री मेश्राम, नेहा उबनारे, श्वेता निरापुरे, मोनिका वर्मा, मदनलाल डढोरे, तनवीर खान का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चौकीकर व पालकों ने कहा कि शिक्षक के द्वारा किया गया कार्य सराहनीय होने के साथ समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। जिससे बच्चों को खेल में रूचि विकसित होगी और स्कूल के प्रति बच्चों में रूझान बड़ेगा। इस अवसर पर अनेक पालक, स्थानीय


## 165 शिकायतें आने के बाद कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# जनसुनवाई में मिली शिकायतों हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर मंगलवार को कलेक्टोरेट सभागार में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को समक्ष में सुन रहे थे। जनसुनवाई में 165 शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीम राजीव कहार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम बोरगांव निवासी कृषकों ने बताया कि सडक निर्माण नहीं होने से पारसडोह जलाशय में पुर्नस्थापित गाम बोरगांव के कृषकों को खेतों में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्राम में नालियों का निर्माण भी आधा-अधूरा तथा घटिया तरीके से



किया गया है, जिसके कारण गंदगी एवं मच्छर पनप रहे है। इसकी शिकायत ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने के बाद सर्वे किया गया, लेकिन नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने सड़क एवं नालियों का निर्माण किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश प्रदान किए है। आमला जनपद पंचायत के ग्राम कनौजिया निवासी सुनिता कापसे ने जनसुनवाई में आवेदन देकर शासकीय पट्टा प्रदान किए जाने की गुहार लगाई। आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके पास स्वयं की निजी भूमि या मकान नहीं है तथा वे किराये के मकान में रहती है और आमला में मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण-पोषण करती है। गरीबी रेखा का कार्ड है और आवास प्लस में उनका नाम है। आवेदिका ने ग्राम पंचायत के माध्यम से शासकीय पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर ने आमला तहसीलदार को समुचित निराकरण किए जाने के निर्देश प्रदान किए है।

### कृषि भूमि पर अवैध कब्जा

ग्राम सांईखेड़ा निवासी गणपति पिता गणेशराव पंवार ने स्वयं की कृषि भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत की है। आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम बराई में पैत्रक 7 एकड़ भूमि है, जिसमें से एक एकड़ उनकी बहन और तीन-तीन एकड़ दो भाइयों का कब्जा था। लेकिन पिता के रहते 2-2 एकड़ की भूमि की ऋण पुस्तिका हमारे नाम से बनी है, जिसका खसरा रकबा है। पिता की मृत्यु के बाद तीन-तीन एकड़ भूमि पर हम दोनों भाइयों का कब्जा था। उक्त भूमि पर प्रेमलता पंवार, बल्लू पंवार, महादेव डोंगरदिये, मन्नू, लबदू पंवार द्वारा कब्जा किए जाने की कोशिश की जा रही है। आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। मुलताई विकासखंड के ग्राम जौलखेड़ा निवासी आरती पंवार ने आधार कार्ड बनाए जाने की मांग की है। आवेदन के माध्यम से बताया कि उनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हो पा रहा है।

### रहवासियों ने डायरेक्टर पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप

# जनसुनवाई में गुहार: हमारे साथ ईशान टाउनशिप के कॉलोनाइजर ने की ठगी

**हर इंसान मकान या प्लाट खरीदने से पहले सुरक्षित आशियाने में रहने की ख्वाहिश रखता है, लेकिन जब बिल्डर मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराए तो परेशानी होती है। मंगलवार ईशान टाउनशिप के रहवासी एसडीएम के पास शिकायत लेकर पहुचे और बताया की हमारे साथ ठगी हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

हर कोई सुरक्षित आशियाने की मांग करता है, लेकिन बिल्डर सुरक्षित आशियाने के नाम पर दगा दे तो दर्द होता है। ऐसा ही एक मामला इटारसी में आयोजित जन सुनवाई में देखने को मिला। जहां बिल्डर की ठगी का शिकार लोग एसडीएम से मिले और शिकायत की। दरअसल

मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से सनखेड़ा रोड पर स्थित ईशान टाउन कॉलोनी में रहने वालों ने कालोनाइजर पर वादा खिलाफी के कई आरोप लगाते हुए सेवा में कमी की शिकायत पर एसडीएम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शिकायत की है।



कालोनी के लोगों ने कहा कि यदि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वे बिल्डर ईशान अग्रवाल के घर के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। कालोनी के लोगों ने कहा कि हम सभी ने ईशान टाऊन कॉलोनी में प्लाट लेकर ऊंचे दरों पर अपने-अपने मकान बनाए हैं। कालोनी में अभी भी कई लोग अपने मकान निर्माण कर रहे हैं। कॉलोनाइजर ने मकान एवं प्लाट बेचते समय हमें जो वायदे करके प्लाट बेचे थे, वे सभी पूरे नहीं किये हैं। कालोनी में पक्की एवं सुरक्षित बाउंड्रीवाल, क्लब हाउस, जिमनेशियम, कचरा गाड़ी की व्यवस्था, 24 घंटे पानी की सुविधा, सुरक्षा के लिए पूर्णतः सीसीटीवी कैमरे, उचित ड्रेनेज व्यवस्था, सिक्योरिटी गार्ड रखने, स्वीमिंग पूल और प्लाट के सामने खुली जगह पर पेविंग ब्लॉक लगाने का कहा था। बिल्डर ईशान अग्रवाल की बातों में आकर और उन पर भरोसा कर प्लाट खरीदे और मकान बनाए हैं। कालोनी में सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है।

#### बिजली बिल के लिए कर रहे चंदा

कालोनी के निवासियों का कहना है कि मकान बनने के बाद कालोनाइजर को कई बार उपरोक्त सुविधा प्रदान करने वादा याद दिलाया गया, लेकिन कालोनाइजर ने बिना कोई कानूनी प्रक्रिया कर आधी-अधूरी छोड़ दिया है जिससे कालोनी में रात में अंधेरा रहता है, कुछ घरों में चोरी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। कालोनीवासियों ने चंदा एकत्रित कर कालोनी का बिजली का बिल एवं लाइट के बिल का पिछले चार महीनों से भुगतान कर रहे हैं। कॉलोनाइजर की लापरवाही एवं अनसुनी के कारण कॉलोनीवासी अत्यधिक शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। बिजली लाइन कटने का हमेशा डर बना रहता है, कई बार पानी न होने से कालोनीवासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

#### नया प्रोजेक्ट रोकने की मांग

ईशान टाउन कालोनी के निवासियों प्रशासन को बताया कि कालोनाइजर ईशान अग्रवाल ने ईशान टाउन कालोनी की समस्याओं को ओर ध्यान न देकर अन्य नए प्रोजेक्ट ईशान इन्कलेव पर काम शुरु कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि बिल्डर के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाकर कालोनाइजर का लायसेंस रद्द किया जाए तथा आगामी प्रोजेक्ट को रोका जाये ताकि आम नागरिक झांसे में न आएं। कालोनीवासी प्रदीप कुमार, संतोष साहू, धर्मेंद्र पटेल, प्रमोद पांडे आदि ने प्रशासन के समक्ष जनसुनवाई में अपनी पीड़ा रखी है।

#### 18 मकान हैं कालोनी में

जब आदमी मकान के लिए जगह खरीदता तो उसकी सबसे पहली प्राथमिकता मूलभूत सुविधाओं में क्या मिलेगा होती हैं,लेकिन कालोनाइजर ने इस कालोनी में ऐसी कोई सुविधा नहीं दी। कालोनी निवासी प्रीतम तिवारी का कहना है कि हमें छला गया हैं। कालोनी में 18 मकान हैं रहने वाले सभी लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि हर कोई सुरक्षित आशियाने में रहने की ख्वाहिश रखता है लेकिन जब कालोनाइजर मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराए तो परेशानी होती है। मकान के पहले हमें खूब सपने दिखाए थे अब कालोनाइजर जिम्मेदारी छोड़कर भाग गया। जिसकी शिकायत जन सुनवाई में की है।

# डेंगू फैलाने वाले मच्छरों से लोग परेशान, दमदम में 5 संदिग्ध मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



बारिश के दिनों में डेंगू का डर बना हुआ है। जगह- जगह जमे बारिश के पानी में मच्छरों के लार्वा पनपते है। ऐसा ही एक मामला इटारसी से सटे ग्राम दमदम में आया है। जहां डेंगू संदिग्ध मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड़ पर आ गई हैं।

खुद जिला मलेरिया अधिकारी देखरेख में ग्रामीणों के घरों में पहुंचे। दरअसल ग्राम दमदम में डेंगू के 5 संदिग्ध मरीज मिले थे जिनका उपचार किया जा चुका है, साथ ही पूरे ग्राम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फागिंग और दवा का छिड़काव कर लार्वा नष्टीकरण किया साथ ही ग्रामीणों को उपाय भी बताए। जिला मलेरिया अधिकारी अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम पिछले 25 जून से ग्राम का लगातार सर्वे कर रही है। मंगलवार को मैंने स्वयं ग्राम दमदम पहुंचा था। अभी तक ग्राम में 5 डेंगू संदिग्ध मरीज मिले थे जिनका उपचार हो गया हैं और वह ठीक है। ग्राम दमदम में स्वास्थ्य विभाग की 12 टीमों को सक्रिय किया गया है। जिनके माध्यम से डेंगू की रोकथाम के उपाय किए जा रहे है। डेंगू से सुरक्षा के उपाए के साथ ही ग्राम में पोस्टर भी लगवाए है।

#### जिले में अभी तक तीन मरीज मिले

जिला मलेरिया अधिकारी अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि इस सीजन में जिले में अभी तक डेंगू संक्रमित 3 मरीज मिले हैं। जिनका उपचार किया गया है। वहीं ग्राम दमदम सहित आसपास के इलाकों में भी डेंगू से बचाव के लिए टीमें लगातार सर्वे कर रही है।

### मोहर्रम : इमाम हुसैन की शहादत पर मनाया गया मातम



**इटारसी।** पचमढ़ी में बोहरा समाज द्वार मोहर्रम के आशूरा के दिन इमाम हुसैन की शहादत का मौकिब निकाला गया और उनकी शहादत के गम में मातम किया गया। इसमे मुल्ला मोहम्मद जमाली ने गम का बयान किया। अशरा मुबारका, या धन्य दस, इस्लामी नए साल की शुरुआत में दस दिनों की अवधि है जो कर्बला की त्रासदी और इमाम हुसैन, उनके परिवार और साथियों की दुर्दशा के साथ-साथ इस्लाम, न्याय, सत्य और मानवता के लिए उनके रुख को याद करने के लिए समर्पित है। पैगंबर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन पर आई दुखद घटनाओं के आख्यानों में, यह कहा जाता है कि परलोक की ओर उनकी यात्रा वहीं से शुरू हुई जहाँ इस दुनिया में उनकी यात्रा समाप्त हुई: कर्बला की भूमि। इमाम हुसैन, उनके परिजनों और साथियों के लिए, इराक के तपते रेगिस्तानों से होकर कर्बला की यात्रा एक ऐसी यात्रा थी जो अंततः उनकी शहादत में समाप्त हुई। यह एक ऐसी लड़ाई की यात्रा थी जिसमें उन्होंने अभद्रता, अनैतिकता और अमानवीयता की ताकतों के खिलाफ अपना अंतिम मोर्चा संभाला। अमरता की ओर एक यात्रा जिसमें उन्होंने स्वर्ग में सबसे ऊंचे पद और मानव जाति के इतिहास में सबसे ऊंचे स्थान प्राप्त किए।

# बगैर अनुमति के खेती की भूमि पर बन रही कॉलोनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बनवारी में एक निजी स्कूल के पास सस्ते प्लाट के नाम पर लोगों को कृषि भूमि बेच रहे हैं कॉलोनाइजर पर प्रशासन ने लगाम लगाने का अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है सस्ते दामों पर प्लाट बेचने के मामले में खेत के मालिक राधेश्याम रघुवंशी के द्वारा यह खेत उनका किसी किराना व्यापारी को बेच दिया गया है किराना व्यापारी के द्वारा अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई है। अगर कालोनाइजरों के द्वारा स्टांप चोरी की जा रही है। अनुबंध कर लिया जाता है और खेत मालिक से रजिस्ट्री नहीं कराई जाती बगैर सड़क पानी बिजली नाली के एवं अन्य सुविधाओं के कॉलोनी काट दी जाती है खेत में और प्लाट खरीदने वाले को सीधी रजिस्ट्री खेत मालिक से कराई जाती है जिसके कारण शासन को स्टांप ड्यूटी के साथ राजस्व की राशि का भी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे मामले पिपरिया एवं ग्रामीण क्षेत्र में अनेकों जगह हो रहे हैं लेकिन यह बनवारी में यह शायद पहला मामला सामने आया है जिसमें ना ड्राइवर वर्जन ना टी एंड क फिर भी खेतों में काट दी गई है कॉलोनी ज्यादा अवैध कॉलोनी जी यहां पर काटी जा रही है लेकिन प्रशासन किशोर ध्यान नहीं दे रहा है इस मामले में एसडीएम संतोष तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर मौके पर तहसीलदार वैभव बैरागी को भेजा गया था। द्वारा प्लांट विक्रेता से दस्तावेज मांगे गए थे शेष जानकारी उन्हें नहीं है इस विषय में एसडीओ नहर अजय सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्लांट विक्रेता के द्वारा तो नहीं लेकिन खेत विक्रेता राधेश्याम रघुवंशी के द्वारा नहर की भूमि पर अस्थाई ग्रेवल मार्ग बनाया गया है जिसमें उनसे लिखित में ले लिया गया है कि वह इस भूमि पर किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं करेंगे यदि करेंगे तो उनसे भूमि वापस ले ली जावेगी। इस तरह से कालू नगरों के द्वारा लगातार शासन को लाखों रुपए का नुकसान किया जा रहा है। क्या विकास खंड के साथ-साथ पूरी विधानसभा में कई कालोनियां काटी गई है लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा खेत में कॉलोनी काटने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ना ही अभी तक कोई निरीक्षण कराया गया है ना ही इनकी राशियों पर रोक लगाई गई है जिला कलेक्टर सोनिया मीणा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि उन्होंने एसडीएम को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में युवक-युवती बंधे परिणय सूत्र में, जीवन भर साथ निभाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत एक और सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में ही किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगर उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा युवा नेता सतपाल पलिया अरविंद राय नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी सहित तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया अतिथियों के उद्बोधन की श्रृंखला में मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि 16 संस्कारों के जोड़ने की हमारी भारतीय संस्कृति की परंपरा है एक तरह से संस्कारों के श्रम में विवाह भी एक संस्कार है विवाह जब होता है तो केवल एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का मिलान नहीं होता वह अपनत्व का भाव जागृत करते हुए एक नए जीवन की शुरुआत होती है। हमने 28 सामूहिक आदर्श विभाग सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है जिसमें लगभग 2200 कन्याओं के विवाह किए गए हैं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विवाह सम्मेलनों का शुभारंभ किया गया मुख्यमंत्री डा श्याम मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का अनवरत कार्य किया जा रहा है बर्बधू को अतिथियों के द्वारा 49000 का चेक प्रदान किया गया वहीं पर सतपाल पलिया के द्वारा प्रत्येक वधु को 500 देकर पांव पड़ी की गई और नवयुग दंपति को सभी के द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया जिसमें मुख्य रूप से सुमन खातिर कर मधु तिवारी विजय आदिवासी आर एल सिंह आम अधिकारी कर्मचारी नगर पालिका परिषद के एवं जनपद पंचायत के साथ-साथ विभिन्न विभागों की उपस्थित रहे।

# मृतक महिला के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**नर्मदापुरम।** न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम ने बताया है कि गत 07 जुलाई को ग्राम जासलपुर तहसील ग्रामीण जिला नर्मदापुरम स्थित खेत पर कृषि कार्य करते समय धान की रोपाई करते समय अचानक खेत में गिरने से शीला निमोदा पत्नि छुट्टन उर्फ नर्मदा प्रसाद निमोदा की मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारिस पति छुट्टन उर्फ नर्मदा प्रसाद निमोदा निवासी ग्राम जासलपुर तहसील ग्रामीण नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 की कंडिका 4 (1) के अंतर्गत रूपये 4,00,000/- लाख (चार लाख रूपये) की आर्थिक सहायता दिये जाने की अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम का अभिमत सहित अनुशंसा की हैं। अतः उपरोक्त प्रतिवेदन पर सहमत होते हुये मृतक शीला निमोदा पत्नि छुट्टन उर्फ नर्मदा प्रसाद निमोदा निवासी ग्राम जासलपुर तहसील ग्रामीण नर्मदापुर को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत वैध वारिस को रूपये 4,00,000/- चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जाती हैं।

**न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुराम**

क्रमांक ..................प्रवा./तह./2024 माखन नगर दिनांक 11.07.2024

रा.प्र.क्र.0099/बी-121/24-25 मौजा-ग्राम रैपुरा

इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शासकीय अस्पताल बाबई सरवराकर सिविल सर्जन नर्मदापुरम की निम्न दर्शित ग्राम रैपुरा स्थित भूमि की वर्ष 24-25 की खरीब एवं रबी की एक फसल बाबत नीलामी दिनांक 24.07.2024 को दोपहर तीन बजे तहसील कार्यालय प्रांगण माखन नगर में की जावेगी।

नीलामी भूमि का विवरण

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रैपुरा | शासकीय अस्पताल माखन नगर सरवराकार | 14<br>20/2 | 2.351 हे.<br>3.806 हे. |
| | | सिविल सर्जन नर्मदापुरम भूस्वामी | 111/2<br>137/1 | 4.416 हे. |
| | | | 02 | 13.633 हे. |

अतः उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की एक कृषि वर्ष 2024-25 खरीब एंव रबी फसल के लिए नीलामी की जाना है, जिस भी किसी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेना हो वह नियत दिनांक/ स्थान / समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकता है। इच्छुक व्यक्ति को बोली लगाने के पूर्व अमानत राशि के रूप में 20,000/- बीस हजार रूपया जमा करना होगा तथा अंतिम सर्वोच्चय मान्य बोली की सम्पूर्ण स्वीकृत राशि बोलीदार को तीन दिवस में जमा करना होगी अन्यथा अग्रिम जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी। नीलामी स्वीकृत करना या न करना सक्षम अधिकारी का अधिकार रहेगा।

आज दिनांक को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
माखन नगर जिला नर्मदापुरम

# एनसीसी कैडेट्सों ने भी किया स्कूल में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी




मंगलवार को प्राचार्य मनीष गुप्ता,खेल शिक्षक संतोष यादव व एन सी सी प्रभारी किसन उइके के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज पचमढ़ी की एन सी सी इकाई के कैडेट्स द्वारा शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधे लगाए गए व उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई। बैसाकू, मनीष सारसर,व्रेजेन्द्र कटारिया ने सहयोग किया इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे ।

# जमकर बरसे मेघ, नालियां हुई जाम सड़कें जल मग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



क्षेत्र में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। आगामी दो से तीन दिनों तक क्षेत्र सहित जिले तेज बारिश के आसार बने हुए है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार बंगाल कि खाड़ी और अरब सागर आने वाली नमी से अच्छी बारिश का दौर चलेगा। मंगलवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और मेघ जमकर बरसे। जिसके कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि तेज बारिश ने एक बार फिर शहर के ड्रेनेज़ सिस्टम कि पोल खोलकर रख दी। निकासी कि व्यवस्था ठीक नहीं होने से कई स्थानों पर पानी ही पानी हो गया। क्षेत्र में बारिश करीब आधे घंटे ही दर्ज हुई, लेकिन मौसम में ठंडक घुल गई।

## देवल मंदिर काली समिति 21 को निकालेगी कांवड़ यात्रा

# मां नर्मदा के जल से होगा शिवाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



श्री राम विवाह जैसे भव्य आयोजन करने वाली श्री देवल मंदिर काली समिति द्वारा श्रावण माह में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री देवल मंदिर समिति प्रमुख जयप्रकाश करिया पटेल ने बताया कि पिछले 18 सालों से निरंतर कांवड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस साल भी 21 जुलाई की रात कांवड़िए इटारसी से नर्मदापुरम के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां से कांवड़ में मां नर्मदा का जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए 22 जुलाई श्रावण माह के पहले सोमवार को कांवड़ यात्रा शरददेव धाम के लिए रवाना होगी। सुबह 4 बजे कांवड़िए नर्मदा जल लेकर शरददेव के लिए निकलेंगे। सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ियों पर विराजे बाबा शरददेव का जलाभिषेक किया जाएगा। कावड़ यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं का निशुल्क पंजीयन समिति द्वारा किया जा रहा है। कावड़ यात्री भगवा रंग के वस्त्र धारण करेंगे। हर साल सैकड़ों श्रद्धालु इस कांवड यात्रा में शामिल होते हैं। बोल बम के जयकारों ओर ढोल ढमाकों के साथ कांवड़ यात्रा निकलती है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में कांवड़ तैयार की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रावण माह में पूरे देश में शिवभक्त कांवड़ यात्रा का आयोजन करते हैं। पिछले 18 सालों से निरंतर श्री देवल मंदिर काली समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है, जगह-जगह शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की जाती है। हर साल श्रावण माह में हजारों श्रद्धालु घने जंगल के बीच पहाड़ों पर विराजे बाबा शरददेव का पूजन अर्चन करते हैं।

### सांसद निधि से 5 कार्यो के लिए 11 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत

**नर्मदापुरम।** जिला योजना एवं सांख्यिकी नर्मदापुरम ने बताया है कि पूर्व सांसद राव उदय प्रताप सिंह की सांसद निधि से 5 विभिन्न कार्यो के लिए 11 लाख 50 रूपए की स्वीकृती प्रदान की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा सिवनमालवा के ग्राम बराखड़कला में मंगल भवन निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम पंचायत बाबरी में मुरली बाबा के पास सार्वजनिक कर्वड बैठक सील निर्माण के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम भमेड़ी में रघुनंदन के घर से करन सिंह के घर की ओर आंतरिक सीसी रोड निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, इटारसी में शांति धाम में कर्वड बैठक सील निर्माण के लिए 2 लाख रूपए एवं इटारसी के वार्ड 12 में कलचुरी कलार के निर्मित भवन के छत निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा, जनपद पंचायत माखन नगर**

क्रमांक/33/निविदा / ग्रा.पं./2024 आंचलखेड़ा दिनांक 12/07/2024

-: पुर्न नीलामी :-

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत माखन नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा में स्थित ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा के स्वामित्व की पुरानी दुकाने यथास्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम द्वारा जारी स्थगन आदेश निरस्ती उपरांत 500/- प्रतिमाह प्रति दुकान, नीलामी ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा द्वारा दिनांक 26.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे दिन से जनपद पंचायत माखन नगर में की जावेगी।

सारणी

| क्र. | दुकान क्रमांक 05 से लेकर दुकान क्रमांक 11 तक | अमानत राशि (रूपये में) प्रति दुकान | बोली लगाने के पूर्व जमा राशि प्रति दुकान |
|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्रमांक 07,11 अन्य पिछड़ वर्ग के लिये आरक्षित, शेष अनारक्षित | 100000/- | 500/- |

अतः इच्छुक व्यक्ति से नीलामी की समस्त सामान्य शर्तें जो ग्राम पंचायत में सूचना पटल पर प्रदर्शित हैं स्वीकार हो तो निश्चित दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर कार्यालय में बोली लगा सकते हैं।

सचिव/ सरपंच
ग्राम पंचायत- आंचलखेड़ा
जनपद पंचायत माखन नगर

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram**

पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में. तिलक वार्ड पिपरिया फोन नं. 07576-222041 पिन - 461775
E-mail.:- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./2024/324 द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना पिपरिया दिनांक 15/07/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदायें अमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_357635_1 DATE 16.07.24 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत कायाकल्य अभियान 2.0 अंतर्गत शोभापुर मैन रोड वंश होटल से शुभम पुर्विया तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 1. 6 माह<br>2. 17215555/- | 1. 12500/-<br>2. 86078/- | 30.07.2024 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पलिका परिषद पिपरिया,
जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता बनने तीन शिक्षकों ने दी सहमति

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा रविवार से शुरू की गई उच्च पद प्रभार की कार्रवाई के तहत उच्च श्रेणी शिक्षक से लेक्चरर बनने के लिए काउंसलिंग आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई काउंसलिंग में 9 उच्च श्रेणी शिक्षक व हेड मास्टरों को बुलाया गया था, लेकिन काउंसलिंग में तीन ने सहमति प्रस्तुत कर दी। जबकि 5 उच्च श्रेणी शिक्षक व हेड मास्टर ऐसे थे, जिन्होंने असहमति जताई है। काउंसलिंग में एक उच्च श्रेणी शिक्षक की काउंसलिंग आगामी दिनों में होगी। राज्य स्तर पर आयोजित हुई यह काउंसलिंग सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की गई जिसमें सिर्फ 3 शिक्षक - व्याख्याता का प्रभाव लेने में सफल दिखाई दिए।

### स्व-रोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सीहोर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। संत रविदास स्वरोजगार योजना जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी ने बताया है कि हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्र

## जल स्तर 312.50 मीटर तक पहुंचा, आधा मीटर गेट खोला गया

# भारी वर्षा के चलते अपर वेदा जलाशय के जल स्तर में निरंतर हो रही वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

इस वर्ष भले ही देर से मानसून की वर्षा हुई, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। जिससे अपरवेदा सिंचाई परियोजना के जलाशय में निरंतर जल वृद्धि हो रही है।

मंगलवार को जलस्तर 312.50 मीटर तक जा पहुंचा। जबकि सोमवार को जलस्तर 309.30 मीटर से 312.10 मीटर हो गया था। फलस्वरूप भारी वर्षा के चलते जलाशय के गेट क्रमांक 4 को आधा मीटर खोलना पड़ा था। मंगलवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में 96 मिमी और 1 जुलाई से आज तक 299 मिमी एवं 2023-24 में अल्प वर्षा (124.22 मिमी) ही हो सकी थी। जबकि सोमवार को 60 मिली मीटर और इस अवधि में 203 मिमी एवं गत वर्ष (110 मिमी) वर्षा हुई थी। इसलिए कम वर्षा के चलते पिछले वर्ष नदी नालों में बाढ़ नहीं आई थी और जलस्तर 309.20 मीटर तक ही स्थिर था। नर्मदा घाटी विकास विभाग संभाग 19 के कार्यपालन यंत्री संदीप शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में जल स्तर 316.20 मीटर (करीब तीन गुना) तक जा पहुंचा था। तब कहीं अधिकारियों ने रतजगा कर चार गेट खोले और जल स्तर 315.70 मीटर तक नियंत्रित किया था।

इस दौरान आबादी क्षेत्रों में मुनादी कराना पड़ी थी और भोपाल के आला अधिकारीगण भी निरंतर जानकारी लेते रहे थे। कमोबेश ऐसे ही हालात वर्ष 2021-22 में भी बने थे, तब 31 जुलाई 21 तक 320 मिमी बारिश हुई थी। जिससे जलाशय के गेट खोलकर जल स्तर 315.20 मीटर तक किया गया था। जलाशय प्रभारी उपयंत्री सुधारसिंह अहिरवार के अनुसार सोमवार को अपरान्ह 2.40 से शाम 5.40 तक गेट 0.50 मी.खोले गए थे। जबकि मंगलवार को जलाशय के सभी गेट को दिए गए हैं। आपने बताया कि वेदा नदी और अन्य नदी नालों में अधिक बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। जिससे जलाशय के अतिरिक्त जल की निकासी करके जलस्तर को काम अथवा अधिक करने की प्रक्रिया चलती रहती है।



### इनका कहना है...

अपर वेदा जलाशय का जलस्तर (312.50 मी.) संतोषजनक है। इसका अधिकतम जलस्तर 317 मी. है। वर्षाकाल अभी बहुत शेष है और जल संग्रहण में कोई दिक्कत नहीं होगी। जिससे रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

**एचआर चौहान,** सदस्य अभियांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, नर्मदा भवन, भोपाल

## आरोपियों से सामग्री बरामद की

# सिंगाजी थर्मल पावर में चोरी करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

थाना मूंदी में 13 जुलाई को फरियादी हेमेन्द्रसिंह चौहान ने सिंगाजी थर्मल पावर के यार्ड में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर 90,000 रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया।

गौरतलब है की मुखबिर की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देशन में मूंदी के निरीक्षक राजेंद्र नरवरिया ने टीम के साथ, संदेही लक्ष्मण को पकड़ा, जिसने चोरी स्वीकार की और अन्य आरोपियों के नाम बताए। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ में चोरी स्वीकार की। बरामद सामग्री में हेंड ड्रिल मशीन, सिंगल फेस वेल्डिंग मशीन, ग्याईंडर मशीन, कटर मशीन, कुलर, प्लास्टिक की कुर्सियाँ, एल्युमिनीयम की सीढ़ी, और कॉपर केबल के छिलके शामिल हैं। इन आरोपियों को गिरफ्तार किया इनके नाम ,लक्ष्मण पिता तुलसीराम कोरकु, अनिल पिता मंगलसिंह, संजेस पिता बरजोर, प्रदीप पिता रमेश, राकेश पिता श्यामलाल, हेमंत पिता संतोष, सुनील उर्फ कालू पिता धनसिंह- साथ ही इनसे चोरी गई सामग्री भी जब्त की गई। जिसका विवरण इस प्रकार है, हेंड ड्रिल मशीन, सिंगल फेस वेल्डिंग मशीन, ग्याईंडर मशीन, कटर मशीन, कुलर, प्लास्टिक की कुर्सियाँ, एल्युमिनीयम की सीढ़ीः 70,000 रुपये कॉपर केबल के छिलके 19,150 रुपये कीमत के थे। थाना मूँदी के प्रभारी निरी. राजेन्द्र नरवरिया, राधेश्याम मालवीय, ज्ञानसिंह गौड, अयाज, दिपेश, सुरेश, सुजीत सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वर्ग और नर्क इसी संसार में है, जिस घर में शांति हो वही स्वर्ग : पंडित मिश्रा





**सीहोर।** एक बार भगवान शिव से माता पार्वती ने प्रश्न किया की स्वर्ण और नर्क कहा है तो भगवान शिव ने कहा कि संसार में ही स्वर्ग और नर्क है। हम जिस वातावरण में रहते हैं, वही उसी तरह का माहौल व्याप्त हो जाता है। जिस घर में शांति रहती है, त्याग रहता है एक दूसरे के लिए समर्पण रहता है, वहा स्वर्ग है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के भव्य परिसर में जारी आठ दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। सोमवार को विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर आने वाले एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी और पेयजल का इंतजाम किया। उन्होंने कहा कि धर्मशास्त्रों में वर्णित स्वर्ग-नरक सभी को रोमांचित करते हैं, पर आज तक किसी ने देखा नहीं। चाहे ये अन्यत्र भले न हों, पर इस धरती पर अवश्य हैं।

दुनिया का हर व्यक्ति इसका अनुभव करता है, पर समझता नहीं। यहीं स्वर्ग जैसे सुख हैं और नर्क जैसे दुख भी। जिस समाज और घर में शांति, सद्भाव और भाईचारा हैं वहीं स्वर्ग है, क्योंकि वहां सुख-समृद्धि है। इसके विपरीत जहां इनका अभाव है वहीं नर्क है, क्योंकि वहां हिंसा, घृणा, द्वेष और अशांति के सिवा कुछ नहीं होता। स्वर्ग और नरक की परिभाषा भी यही है। यह पूर्णतः मनुष्य पर निर्भर है कि वह किसकी स्थापना करना चाहता है।

**संत और गुरु का जीवन जन कल्याण के लिए होता :** पंडित मिश्रा ने कहाकि संत और गुरु का जीवन जन कल्याण के लिए होता है। अपने जीवन में ऐसा गुरु रखो जिससे ज्ञान हासिल कर सको, जिससे जीवन में कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी दुख आता है हम भगवान को कोसते हैं, लेकिन दुख हमारे जीवन को निखारने के लिए ही आता है। अगर माता पिता का मार्गदर्शन हमारे जीवन मे है तो आप उलझ नही सकते अगर उलझ भी गए तो उनके आशीर्वाद से सुलझ जाएंगे। हर मनुष्य के जीवन में चार गुरु होते है। जिसमें माता, पिता, शिक्षक और सद्गुरु शामिल है। शास्त्र कहते हैं कि गुरु वह है, जो हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाए। जो हमें रोशनी प्रदान करे, तो सबसे पहले ऐसा कौन करता है, सबसे पहले यह रोशनी हमें मां दिखाती है। उसके बाद पिता। वहीं हमारे प्रथम गुरु हैं। इसीलिए शास्त्रों में यह भी लिखा है कि माता-पिता का यथायोग्य सम्मान करना चाहिए।

### कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

जिले के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम में विठ्लेश सेवा समिति द्वारा 14 जुलाई से 21 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो तथा अन्य व्यवस्थों के लिए स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी द्वारा कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार एसडीएम तन्मय वर्मा सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी होगें। एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले की कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत एवं तहसीलदार नीलम परसेंडिया की कथा स्थल पर ड्यूटी लगाई गई है। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह एवं तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले की भोजन व्यवस्था में ड्यूटी लगाई गई है। इसी श्रृंखला में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय एवं तहसीलदार अर्पित मेहता की मंदिर परिसर पर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में ड्यूटी लगाई गई है। तहसीलदार भरत नायक की कार्यक्रम स्थल पर एवं नायब तहसीलदार श्री सिद्धांत सिंघला एवं नायब तहसीलदार मुकेश सांवले की मार्ग व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

# जनसुनवाई के दौरान बबनगांव के ग्रामीणों ने बदहाल सड़क की समस्या कलेक्टर को बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ग्राम बबनगांव आंखई के निवासियों ने जनसुनवाई के दौरान बड़े बड़े गड्ढे और टूटी-फूटी सड़कों से परेशान होकर कलेक्टर के सामने अपनी समस्याओं को बताया। ग्रामीण अपने हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे जिन पर लिखा था, 'सड़क बनी जानलेवा' और 'रोड बनी वाटर पार्क'। इन नारों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया और ग्रामीणों ने अपनी व्यथा को कलेक्टर सामने व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि बबनगांव आखई में बने रोड की स्थिति अब इतनी खराब हो चुकी है कि यह लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। उन्होंने तीन साल से इस समस्या से जूझने की बात कही। और सड़क को दुरुस्त करने की मांग की। गांववासियों ने बताया कि खराब सड़क की वजह से उनके दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।



हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे

ग्रामीणों ने कहा कि इस खराब सड़क के कारण गांव के किसानों और विद्यार्थियों की जीवनशैली प्रभावित हो रही है। आए दिन सड़क पर गाड़ियों के एक्सीडेंट होते हैं और ट्रालियों के पलट जाने की घटनाएं आम हो गई हैं। बच्चों को स्कूल जाने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे कई बार अधिकारियों और सरपंच से इस समस्या के समाधान के लिए अपील कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गांव के सरपंच को भी कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, परंतु उनकी तरफ से भी कोई समाधान नहीं निकला। इस निराशा के चलते ग्रामीणों ने जनसुनवाई का सहारा लिया और कलेक्टर के सामने अपनी समस्याएं रखीं। बबनगांव आखई के आसपास अनेक गांवों की सड़कें वर्तमान में अत्यधिक खराब स्थिति में हैं। गड्ढों से भरी सड़कें बारिश के मौसम में और भी खतरनाक हो जाती हैं। पानी भर जाने से सड़कें जलाशयों में बदल जाती हैं, जिससे गाड़ियों का चलना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति ग्रामीणों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। गांव के धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने जल्द सड़क ठीक करने की बात कही है।

### स्व-रोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सीहोर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। संत रविदास स्वरोजगार योजना जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी ने बताया है कि हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्र 18 से 45 वर्ष मध्य हो।

## जिले में अब तक 264.2 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 82, मिलीमीटर, श्यामपुर में 3, आष्टा में 28, जावर में 35, इछावर में 63, भैरूंदा में 28, बुधनी में 6, रेहटी में 32 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 13 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 264.2 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 371.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 15 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 354.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 322.5, आष्टा में 234, जावर में 201.7, इछावर में 491.5, भैरूंदा में 174.2, बुधनी में 139 तथा रेहटी में 196.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।





## भुसावल डीआरएम खंडवा पहुंचीं, रेलवे स्टेशन पर चल रहे एनआई वर्क का निरीक्षण किया

# भक्तों को सौगात : खंडवा में गुरू पूर्णिमा पर्व के लिए स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नगर में हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व के लिए महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इन भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने तीन दिन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। मंगलवार को भुसावल डीआरएम इति पांडे खंडवा पहुंचीं और रेलवे स्टेशन पर चल रहे एनआई वर्क का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरूपूर्णिमा के महत्व को संज्ञान में लाकर स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की। डीआरएम इति पांडे ने सांसद पाटिल की मांग को स्वीकार किया और तीन दिन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की। यह ट्रेन नासिक से ओंकारेश्वर रोड तक चलेगी। इस निर्णय से नासिक से खंडवा आने वाले दादा धूनीवाले के भक्तों को काफी सहूलियत होगी। वहीं, सनावद की ओर से आने वाले भक्त भी रेल सुविधा के जरिये खंडवा पहुंच पाएंगे।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सनावद से ओंकारेश्वर के बीच सीआरएस निरीक्षण हुआ है। इस निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक का बिछाव पूरा हो चुका है, हालांकि इलेक्ट्रीफिकेशन का काम अभी बाकी है।



इसके बावजूद रेलवे ने भक्तों की सुविधा के लिए इस स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की है, जो उनके यात्रा को आसान बनाएगी।सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने डीआरएम इति पांडे की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस स्पेशल ट्रेन से गुरूपूर्णिमा पर्व पर आने वाले भक्तों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पर्व खंडवा के लिए महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर देशभर से लोग यहां आते हैं। स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था से भक्तों की यात्रा सुविधाजनक होगी और वे बिना किसी परेशानी के गुरूपूर्णिमा पर्व का आनंद ले सकेंगे।रेलवे ने यह भी बताया कि स्पेशल ट्रेन के लिए अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक भक्त इस सेवा का लाभ उठा सकें। ट्रेन के समय और अन्य विवरण जल्द ही रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। भक्तों से अपील की गई है कि वे समय पर टिकट बुक करें और यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा नियमों का पालन करें।गुरूपूर्णिमा पर्व के दौरान खंडवा में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दादा धूनीवाले के आश्रम में विशेष पूजा और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। इस अवसर पर खंडवा का माहौल धार्मिकता और उत्साह से भरपूर रहेगा।डीआरएम इति पांडे ने कहा कि रेलवे हमेशा से यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखता है और खास अवसरों पर स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि गुरूपूर्णिमा पर्व खंडवा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और रेलवे इस मौके पर अपनी सेवाएं बढ़ाकर भक्तों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रकार, खंडवा में गुरूपूर्णिमा पर्व के दौरान स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था से भक्तों को यात्रा में काफी सुविधा होगी और वे बिना किसी दिक्कत के इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकेंगे। रेलवे की इस पहल से न केवल खंडवा बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी भक्तों में खुशी की लहर है।

# आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम का आयोजन





**खंडवा।** शासकीय आईटीआई खंडवा एवं शासकीय महिला आईटीआई खण्डवा में 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया। इसमें संस्थाओं के युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नोडल प्राचार्य ने बताया कि इस दौरान निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, समूह चर्चा, नवाचार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संस्था परिसर में वृहद वृक्षारोपण भी किया गया। समापन सत्र में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव संतोष गुप्ता एवं वार्ड क्रमांक 50 की पार्षद रानी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान गुप्ता ने युवाओं को अपने कौशल के माध्यम से स्वालंबन एवं कार्य के प्रति लगनशीलता के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। पार्षद श्रीमति रानी वर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि किसी भी कार्य को छोटा नहीं मानना चाहिए तथा निरंतर कार्यशील रहने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। इसके बाद विश्व युवा कौशल दिवस के संदर्भ में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। प्राचार्य जी.पी. तिवारी द्वारा सभी अतिथियों को आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा संस्था का भ्रमण किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन भी किया गया।